साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा अवार्ड्स का आयोजन

मुंबई। वैश्विक साइबर सुरक्षा समाधान प्रदाता क्विक हील ने आज अपनी सीएसआर पहल के माध्यम से मुंबई में साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा अवार्ड्स का आयोजन किया। इस पुरस्कार समारोह में उन शिक्षण संस्थाओं, शिक्षकों और विद्यार्थियों के उल्लेखनीय योगदान पर आभार प्रकट किया गया, जिन्होंने स्वेच्छा से समाज के उपेक्षित लोगों के बीच साइबर सुरक्षा पर जागरूकता फैलाई। यह पुरस्कार क्विक हील फाउंडेशन की चेयरपर्सन सुश्री अनुपमा काटकर और भाग लेने वाले 4 संस्थानों के शिक्षकों की उपस्थिति में दिये गये। पुरस्कार समारोह का आयोजन वालिया कॉलेज अंधेरी, मुंबई में किया गया। स्वेच्छा से भाग लेने वाले संस्थाओं में अलमुरि रतनमाला इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, आसनगांव, केआइएचईएस का महाराष्ट्र कॉलेज ऑफ आर्ट्स, साइंस एंड कॉमर्स, मुंबई, वीपीएम का बी.एन. बंडोडकर कॉलेज ऑफ सांइस, ठाणे और वालिया सी.एल. कॉलेज ऑफ कॉमर्सएवं एल.सी. वालिया कॉलेज ऑफ आर्ट्स, अंधेरी मुंबई शामिल थे। इस समारोह में स्वेच्छा से भाग लेने वाले संस्थानों के 100 से अधिक स्टूडेंट्स ने शिरकत की। कॉलेज, शिक्षक और विद्यार्थियों को अलग-अलग श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया, जिनके विजेताओं का चयन कॉलेज से मिले उस डाटा के आधार पर हुआ, जिसमें कंपनी के साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा प्रोग्राम में सक्रिय भागीदारी के तहत कार्यवाही, गतिविधियों और पहुँच के प्रयासों का वर्णन था।